बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

एकीकृत 71वीं संयुक्त मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा

एकीकृत 71वीं संयुक्त मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा में दिनांक–25.04.2026, 27.04.2026, 28.04.2026, 29.04.2026 एवं 30.04.2026 को सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक–17.04.2026 से अपना e-Admit Card बिहार लोक सेवा आयोग के वेबसाइट https://bpsconline.bihar.gov.in/candidate/login से डाउनलोड कर सकते है।

1. अभ्यर्थी अपने प्राप्त Username एवं Password से Login के उपरांत Dashboard पर उपलब्ध ''Download Admit Card'' बटन पर Click करते हुए अपना e-Admit Card डाउनलोड करेंगे। डाउनलोड किये गये e-Admit Card में अभ्यर्थी को आवंटित परीक्षा केन्द्र कोड (Centre Code) के रूप में दर्ज होगा।
2. सभी अभ्यर्थी e-Admit Card की एक अतिरिक्त प्रति अपने साथ परीक्षा केन्द्र पर ले जाना सुनिश्चित करेंगे एवं परीक्षा अवधि में वीक्षक के समक्ष हस्ताक्षर कर उन्हें सुपूर्द कराना सुनिश्चित करेंगे।
3. परीक्षा केन्द्र कोड के संबंध में विस्तृत जानकारी Dashboard पर दिनांक–22.04.2026 से उपलब्ध करायी जायेगी।
4. अभ्यर्थियों को e-Admit Card में दिये गये समयानुसार परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी। अतः अभ्यर्थी निर्धारित परीक्षा तिथि को एकल एवं दो पालियों की परीक्षा के लिए समय पर निश्चित रूप से परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे तथा निर्धारित समय के पश्चात् परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।
5. उम्मीदवार अपना प्रवेश पत्र आयोग के वेबसाईट https://bpsconline.bihar.gov.in/candidate/login से डाउनलोड कर परीक्षा में भाग ले सकते हैं। **उम्मीदवारों को डाक से (By Post) प्रवेश पत्र नहीं भेजा जायेगा।**

14/4/26

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना